तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज
16.11.2022	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उभय पक्षकारान् उपस्थित। प्रकरण में वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र कायम मुकामान् अप्रार्थी नं. 1 मय प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम का पेश किया। जिसकी नकल वकील अप्रार्थीगण को दिलाई जाने पर वकील अप्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र को स्वीकार किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर करते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने बाबत अपनी सहमति व्यक्त की। वकील अप्रार्थीगण की अनापत्ति के आधार पर वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कायम मुकामान् बाबत अप्रार्थी नम्बर 1 मय प्रार्थना पत्र धारा 5 मियाद अधिनियम के स्वीकार किया जाता है। वकील प्रार्थी संशोधित शीर्षक प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा पेश करें। प्रकरण में वास्ते पेश होने संशोधित शीर्षक प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा पत्रावली दिनांक 19.12.2022 को पेश हो। (दिलीप सिंह) सहायक कलक्टर (फास्टट्रेक) श्रीमाधोपुर (सीकर)
16.11.2022	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उभय पक्षकारान् उपस्थित। प्रकरण में अंकित वादग्रस्त कृषि भूमि खसरा नम्बर 2988, 3000, 3001 कुल किता 3 कुल रकबा 6.6900 हैक्टर अवस्थित तन् ग्राम दिवराला तहसील श्रीमाधोपुर से सम्बन्धित प्रस्तुत दावा मुकदमा नम्बर 345/2015 बी0 टी0 नम्बर 605/2017 उनवानी ग्यारसा बनाम बोदूराम वगै0 व मुकदमा नम्बर 187/2015 बी0टी0 नं. 613/2017 प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा उनवानी ग्यारसा बनाम बोदूराम वगै0 के अलावा एक अन्य दावा मु.नं. 13[illegible] [illegible]/2017 उनवानी बोदू बनाम ग्यारसा वगै0 पूर्ववर्ती दावा [illegible] निषेधाज्ञा मु. नं. 113/2015 बी.टी. नं. 220/2017 [illegible] बोदू बनाम् ग्यारसा [illegible] पूर्ववर्ती प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा होक[illegible]सी न्यायालय में विचाराधीन होने से पश्चात्वर्ती दावा मुकदमा नम्बर 345/2015 बी0 टी0 नम्बर 605/2017 उनवानी ग्यारसा बनाम बोदूराम वगै0 व मुकदमा नम्बर

— लगातार —

Signature Not Verified
Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2024.02.02 11:21:40 IST
Reason: SelfAttested

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए
	ग्यारसा बनाम बोदू प्रा०पत्र अस्थाई निषे० दि. 6/3/2017 187/2015 बी0टी0 नं. 613/2017 प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा उनवांनी ग्यारसा बनाम बोदूराम वगै0 को पूर्ववती दावा मुकदमा नम्बर 137/2015 बी0टी0 नम्बर 208/2017 उनवानी बोदू बनाम ग्यारसा वगै0 पूर्ववर्ती दावा व प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मु. नं. 113/2015 बी.टी. नं. 229/2017 उनवानी बोदू बनाम् ग्यारसा वगै0 के साथ कन्सोलिडेटेड किये जाने की स्वीकृति दी जाती है तथा प्रकरण को एक साथ सुनवाई हेतु संयोजित किया जाता है। मूल दावा व प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मूल पूर्ववर्ती दावा मुकदमा नम्बर 137/2015 बी0टी0 नम्बर 208/2017 उनवानी बोदू बनाम ग्यारसा वगै0 पूर्ववर्ती दावा व प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मु. नं. 113/2015 बी.टी. नं. 229/2017 उनवानी बोदू बनाम् ग्यारसा वगै0 के हमफिता संलग्न रहें। इस पत्रावली में आगामी कार्यवाही स्थगित की जाती है। दिलीप सिंह सहायक कलेक्टर (फास्ट ट्रेक) श्रीमाधोपुर श्रीमाधोपुर (सीकर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2024.02.02 11:21:40 IST
Reason: SelfAttested